दिनांक 4:12 2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ भिलाई सुंदर भिलाई**

आयुक्त एस के सुंदरानी द्वारा वार्ड 3 नेहरू नगर स्थित एस एल आरएम सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया

आयुक्त द्वारा एस.एल.आर.एम. सेंटर नेहरू नगर वार्ड 3 का निरीक्षण करते हुए सूखा कचरा गीला कचरा लाने वाले रिक्शा में यह देखा गया की सही तरीके से सूखे कचरे के डिब्बे में सुखा कचरा लाया जा रहा है तथा गीले कचरे के डिब्बे में गीले कचरा लाया जा रहा है अथवा नहीं !आयुक्त महोदय ने रिक्शे से एक फूल के बुके को उठा कर कहा कि इसकी पॉलिथीन पृथक करें उसे सूखे कचरे में रखें एवं पत्तियां गीले कचरे में रखें और जहां भी कचरा संग्रहण करने जाएं उन स्थलों में भी उन्हें सुखा कचरा अलग कर व गीला कचरा अलग करके देने के लिए आग्रह करें!

ताकि एस. एल .आर .एम. सेंटर में कचरा पूर्व से पृथक होकर आए और उसमें से सूखे कचरे को उनके वस्तु के आधार पर अलग अलग किया जा सके व गिले कचरे को पशु आहार के रूप में ज्यादातर उपयोग किया जा सके ताकि सड़न से होने वाली दुर्गंध और गीला कचरा काफी हद तक सेंटर में ही समाप्त कर दिया जाए और बचने वाले गीले कचरे से खाद तैयार करने की प्रक्रिया की जा सके! आयुक्त ने आगे बढ़ते हुए वहां पर बनी बड़ी-बड़ी टंकियों को देखते हुए जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 संजय बागड़े को निर्देशित करते हुए व स्वास्थ्य अधिकारी आईएल यादव को निर्देशित करते हुए कहा की टंकियों में सूखे कचरे को उनके वस्तु के आधार पर कांच के वस्तु अलग -अलग, पॉलीथिन प्लास्टिक अलग- अलग टंकियों में पुनर निर्माण हेतु रखें व गीले कचरे के लिए अलग से जो टैंक पूर्व निर्मित है उसमें डालें और खाद बनाने की प्रक्रिया करें!